खबर संक्षेप

एनआईए ने 1.20 करोड़ के नकली नोट पकड़े

गुरुग्राम। गुरुग्राम पुलिस के सहयोग से एनआईए की टीम ने 1.20 करोड़ के नकली नोटों सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। बुधवार को एनआईए की टीम द्वारा गुरुग्राम के एरिया में सोहना रोड़ से वसीम पुत्र जमालुद्दीन निवासी गांव नई, तहसील पुन्हाना और कासीम पुत्र फजर निवासी गांव सिंगर, तहसील पुन्हाना को गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने उक्त आरोपियों के कब्जा से नकली 1.20 करोड़ रुपयों की नकदी बरामद की है। बरामद हुए सभी नकली करंसी नोट 2-2 हजार रूपये में हैं। उक्त आरोपियों के कब्जा से नकली नोट बरामद होने पर कार्रवाई की जा रही है।

मुख्यमंत्री आज गुरुग्राम शिकायत निवारण समिति की बैठक लेंगे

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री मनोहर लाल 30 मई को गुरुग्राम में जिला लोक संपर्क एवं शिकायत निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। यह बैठक लघु सचिवालय के प्रथम तल पर दोपहर बाद 3 बजे होगी। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस बैठक में शिकायतकर्ताओं द्वारा विभिन्न सरकारी विभागों से संबंधित 11 शिकायतें रखी जाएगी, जिन पर शिकायतकर्ता तथा संबंधित विभाग के अधिकारी का पक्ष सुनने के बाद मुख्यमंत्री फैसला सुनाएंगे। बैठक में मुख्य रूप से आरटीए कार्यालय, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, नगर निगम, शिक्षा विभाग, दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम, पुलिस विभाग, सिविल सर्जन कार्यालय, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक कार्यालय आदि से संबंधित शिकायतें रखी जाएगी।

आठ उप-अधीक्षक अधीक्षक पदोन्नत

चंडीगढ़। सरकार ने बुधवार को तुरंत प्रभाव से हरियाणा सिविल सचिवालय सेवा के आठ उप-अधीक्षकों को अधीक्षक के पद पर पदोन्नत किया है। जिन्हें पदोन्नत किया गया है उनमें राजेन्द्र कुमार, कपिल ग्रोवर, ज्योति बाला अरोड़ा, महेश शर्मा, नवीन कुमार, संजीव कुमार, रोहताश सिंह नेहरा तथा रमेश कुमार शामिल हैं।

पंचकूला अदालत परिसर में कैदियों के बीच मारपीट

पंचूकला। अंबाला की सेंट्रल जेल से पंचकूला अदालत में लाए कैदियों के बीच में पंचकूला अदालत परिसर में मारपीट हुई। पेशी पर लाए गए एक कैदी पर पांच कैदियों ने हमला बोल दिया व मारपीट की। अंबाला जेल से पंचकूला अदालत में पेशी के दौरान हुई घटना के बाद में कचहरी परिसर में हड़कंप मच गया है। बताया गया है कि राकेश नामक कैदी की चार पांच कैदियों ने मिलकर पिटाई की।

प्रदेश के आठ खंडों में फसल विविधीकरण पायलट योजना का शुभारंभ

50000 हेक्टेयर में धान के स्थान पर मक्का और अरहर की खेती का लक्ष्य

■ अम्बाला के अम्बाला-1 व साहा, यमुनानगर के रादौर, करनाल के असंध, कुरुक्षेत्र के थानेसर, कैथल के पूंडरी, जींद के नरवाना खंड तथा सोनीपत के गन्नौर को लेकर योजना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

चंडीगढ़। वीडियो कांफ्रेंसिंग से अधिकारियों की बैठक लेते मुख्यमंत्री मनोहर लाल। फोटो : हरिभूमि

भावी पीढ़ी के लिए पानी की बचत सुनिश्चित करने की दिशा में कदम उठाने के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल देश के ऐसे पहले मुख्यमंत्री बन गए हैं जिन्होंने धान बाहुल्य जिलों के 50000 हेक्टेयर क्षेत्र में धान की फसल के स्थान पर मक्का, अरहर व अन्य फसलों उगाने के लिए 'फसल विविधीकरण पायलट योजना' की शुरूआत कर देश के समक्ष 'जल ही जीवन है' का एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है। मुख्यमंत्री ने इस योजना की शुरूआत आज यहां चंडीगढ़ से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के धान बाहुल्य जिलों अम्बाला के अम्बाला-1 व साहा, यमुनानगर के रादौर , करनाल के असंध, कुरुक्षेत्र के थानेसर, कैथल के पूंडरी, जींद के नरवाना खण्ड तथा सोनीपत के गन्नौर में की।

25 किसानों से किया संवाद

मुख्यमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से लगभग 25 किसानों से सीधा संवाद करते हुए किसानों से अपील की कि वे धान की बुआई कम करने का मन बनाए। किसानों ने मुख्यमंत्री की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि आज हमें प्रदेश में ऐसा मुख्यमंत्री देखने को मिला है जिसने खेती व जल बचाने की बात सोची और यदि खेत व जल बचेगा तो किसान निश्चित रूप से ज्यादा समृद्ध होगा।

कृषि उपकरण और बीज उपलब्ध करवाए जाएंगे

किसानों की मक्का की बिजाई के लिए आवश्यक मशीनरी उपलब्ध करवाने की मांग पर मुख्यमंत्री ने किसान एवं किसान कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव नवराज संधू को निर्देश दिए कि वे कस्टम हायरिंग सेंटर के माध्यम से मशीने उपलब्ध करवाएं। इसके अलावा, उत्तम गुणवत्ता के बीज भी निःशुल्क उपलब्ध करवाएं जाएंगे। मुख्यमंत्री ने किसानों को इस बात का भी आश्वासन दिया कि जिस प्रकार सरकार ने बाजरे व सरसों की एक-एक दाने की खरीद की है उसी प्रकार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सरकारी खरीद एजेन्सियों से मक्का की उपज की खरीद करवाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने किसानों की मक्का की खरीद निकटतम मंडियों व खरीद केन्द्रों में करवाने की गांरटी भी दी। इसके अलावा, ड्रायर मशीनें भी उपलब्ध करवाई जाएंगी ताकि किसान अपना मक्का सूखाकर मंडियों में ला सकें।

पंचायती जमीन पर धान की खेती न करने की शर्त जोड़ी जाएगी

मुख्यमंत्री ने चरखी दादरी जिले की ग्राम पंचायत पैंतावास कलां जिन्होंने प्रस्ताव पारित कर अपने गांव में धान की फसल न बोने का संकल्प लिया है, का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह किसी भी पंचायत के लिए एक बड़ी सोच है। उन्होंने कहा कि डार्क जोन व दिन-प्रतिदिन गिरता भूजल हमारे लिए एक चुनौती बन रहा है और आने वाली पीढियों के लिए इसी चुनौती का समाधान निकालने की हमने एक शुरूआत की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन पंचायतों ने पंचायती जमीन ठेके पर दी है उन पट्टेदारों से भी अपील करें कि वे धान के स्थान पर मक्का, अरहर व अन्य फसल की बुआई करें। उन्होंने कहा कि पंचायती जमीन ठेके पर दी जा चुकी है इसलिए हम ऐसे किसानों को जिन्होंने ठेके पर जमीन ली है उनको धान न उगाने के लिए बाध्य नहीं कर सकते हैं परंतु ऐसी अपील जरूर कर सकते हैं कि वे धान की सीधी बिजाई करें। उन्होंने कहा कि अगले साल से ठेके पर दी जाने वाली पंचायती व सरकारी जमीन पर धान की फसल न उगाने की शर्त जोड़ दी जाएगी।

5465 किसानों ने आवेदन दिया: इस अवसर पर मुख्य सचिव डी.एस.ढेसी ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज का दिन एक ऐतिहासिक दिन है जब जल बचाने की मुहिम हरियाणा में शुरू की है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव, नवराज संधू ने मुख्यमंत्री को अवगत करवाया कि 27 मई से आरंभ हुई ऑनलाइन योजना के तहत पहले दिन 160 किसानों ने पंजीकरण करवाया और अब तक 5465 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसके तहत 2720 हैक्टेयर क्षेत्र को कवर किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि पंजीकरण के समय 200 रुपये तथा बाद में 1800 रुपये किसानों को दिए जाएंगे तथा इसके अलावा, फसल बीमा योजना के तहत सरकार की तरफ से प्रीमियम भी वहन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों को यह बात समझनी चाहिए कि एक किलोग्राम चावल उगाने पर 3000 से 5000 लीटर पानी की खपत होती है और विभाग द्वारा पानी की इस खपत को कम करने के लिए यह योजना शुरू की है।

सीएम ने एचईआरसी सदस्य सरदाना को शपथ दिलाई

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने बुधवार को यहां हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग (एचईआरसी) के नवनियुक्त सदस्य नरेश सरदाना को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई। एचईआरसी के सदस्य का पद भरने के लिए जनवरी माह में समाचार पत्रों में विज्ञापन के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए गए थे। राज्य सरकार ने न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) प्रमोद कोहली की अध्यक्षता में एक चयन समिति का गठन किया था। हरियाणा के मुख्य सचिव डीएस ढेसी और केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रकाश एस. महस्के इस कमेटी के सदस्य थे।

कर्मचारियों को छुट्टी के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा

चंडीगढ़। चंडीगढ़। प्रदेश सरकार ने अपने कर्मचारियों की सुविधा के लिए छुट्टी के आवेदन को ऑनलाइन लागू करने का निर्णय लिया है। इसके लिए राज्य सरकार के कर्मचारियों को छुट्टी का ऑनलाइन आवेदन करना होगा। प्रवक्ता ने बताया कि वित्त विभाग द्वारा एक पत्र राज्य के सभी विभागाध्यक्षों, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायायल, चंडीगढ के रजिस्ट्रार जनरल, सभी मंडलायुक्तों, सभी उपायुक्तों व उपमंडल अधिकारियों को जारी किया गया है।

एचआरएमएस पोर्टल पर डाटा

उन्होंने बताया कि सभी विभागों द्वारा अपने-अपने कर्मचारियों का डाटा एचआरएमएस में दर्ज किया गया है जिसमें प्रत्येक कर्मचारी की सेवा पुस्तिका, एसीआर, पदोन्नति, छुट्टी तथा स्थानातंरण इत्यादि की जानकारी दी गई है। परंतु अब एक अप्रैल, 2019 से ऑनलाइन छुट्टी के आवेदन को जमा करना और अनुमति की प्रणाली को लागू करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि कर्मचारी अपनी किसी भी प्रकार की छुट्टी का आवेदन ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से जमा करवा सकते हैं और रिपोर्टिंग अधिकारी छुट्टी के आवेदन को स्वीकार या अस्वीकार कर सकता है।

अब उपायुक्तों को एक करोड़ की राशि एडवांस दी जाएगी

■ अनुबंध पर लगे कर्मियों को वेतन देने में दिक्कत नहीं होगी

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने घोषणा की है कि राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक उपायुक्त को एक करोड़ रुपये तक की राशि एडवांस के रूप में दी जाएगी। इस राशि का उपयोग केंद्र या राज्य सरकार से किसी भी कारण से समय पर राशि उपलब्ध न होने के मामले में, केन्द्र और राज्य प्रायोजित योजनाओं के तहत अनुबंध आधार पर लगे कर्मचारियों को वेतन, मानदेय इत्यादि के भुगतान की आकस्मिक जरूरतों को पूरा करने के लिए किया जाएगा।

पंचायती राज कमेटी में नसीम अहमद मनोनीत:

चंडीगढ़। हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष कंवर पाल ने विधायक नसीम अहमद को वर्ष 2019-20 की शेष अवधि के लिए स्थानीय निकाय एवं पंचायती राज संस्थानों की कमेटी का विशेष आमंत्री मनोनीत किया है।

महंगाई भत्ता बढ़ाने का पत्र जारी: *चंडीगढ़। सरकार ने अपने कर्मचारियों को गत एक जनवरी, 2019 से महंगाई भत्ता 9 प्रतिशत से बढाकर 12 प्रतिशत करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में बुधवार को वित्त विभाग द्वारा एक पत्र राज्य के सभी विभागाध्यक्षों, मंडलायुक्तों, उपायुक्तों व उपमंडल अधिकारियों तथा पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय, चण्डीगढ के रजिस्ट्रार को जारी किया गया है।*

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/कोचिंग, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, नई दिल्ली निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा आमंत्रित किया है:– **(1) कार्य का नाम तथा उसका स्थान:** दिल्ली मण्डल के 30 रेलवे स्टेशनों के 44 औटोमटेड टेल्लर मशीन (एटीएम) की संस्थापन एवं परिचालन। **(2) निविदा का नाम क्रमांक:** PublicityATM74-2019 से Publicity ATM117-2019=44 ATM लोकेशन पर। **(3) कार्य की अनुमानित लागत:** निविदा सूचना के अनुसार। **(4) निविदा खुलने की तिथि:** 21.06.2019 को 11:00 बजे। **(5) निविदा दस्तावेज मूल्य 18% जीएसटी सहित:** निविदा सूचना के अनुसार। **(6) धरोहर राशि:** निविदा सूचना के अनुसार। **(7) वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेज का पूरा विवरण देखा जा सकता है:** https://ireps.gov.in. **सं.: 3PUB/Tender/ATM/DLI-DIV/2018 दिनांक: 29.05.2019.** 1669/2019

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

DISTRICT OFFICE HAFED ROHTAK

CORRIGENDUM

E tender notice for transportation of fertilizer, E tender notice for labour & cartage of fertilizer and E tender for handling and transportation of foodgrains under MDM for the financial year 2019-2020 (1.7.19 to 31.3.2020) for District Rohtak and Jhajjar were called on 16.5.2019. The expiry date of the above said tenders has been extended and fixed for 03.6.2019 upto 05.00 P.M. and date of opening of technical bids re-schedule and same will be opened on dated 4.6.2019 at 11.30 A.M., 11.00 A.M. and 10.00 A.M. respectively.

District Manager,
Hafed, Rohtak

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल वि.अभि./क.वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदाएं आमंत्रित करते हैं। **1. कार्य का नाम व स्थान:** दिल्ली डिवीजन में 25 के.वी./240 वी., 10 के.वी.ए., स्तर पार करने वाले फाटकों के इंटरलॉकिंग और आईबीएस के संबंध में सहायक ट्रांसफार्मर का प्रावधान। **2. अनुमानित लागत:** रु. 1,17,41,444.80. **3. बयाना राशि:** रु. 2,08,700/-. **4. ई-निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि:** 07.06.2019 (10.30 बजे) से 21.06.2019 (15.00 बजे तक)। **5. ई-निविदा समापन की अंतिम तथा ई-निविदा खुलने की तारीख और समय:** 21.06.2019 (15.00 बजे)। **6. लागत एलोकेशन:** एस्टीमेट पार्ट–1 से पार्ट–7: 26294203, पार्ट–8 और पार्ट–9: 21166203 और 29294203 क्रमशः। **7. वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है:** www.ireps.gov.in **सं.: 04-क.वि-नई दिल्ली-2019-20 दिनांक: 28.05.2019.** 1657/2019

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से सीनियर मंडल इंजीनियर – चतुर्थ, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई–टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

1.	कार्य का नाम एवं लोकेशन	1. सहायक मंडल इंजीनियर/रोहतक के कार्य क्षेत्र में दिल्ली भटिंडा सेक्शन एवं अस्थल बोहर– रोहतक पर वार्षिक जोन के अंतर्गत स्टाफ क्वार्टर एवं सर्विस बिल्डिंग के मरम्मत एवं रख–रखाव हेतु कार्य। समापन अवधी 30.06.2020 (40/19-20/W-IV).
2.	अनुमानित लागत	(1) रु. 1,05,00,200.17
3.	धरोहर राशि	(1) रु. 2,02,500.00 (यह नेट बैंकिंग या केवल भुगतान gate way के रूप में होना चाहिए।
4.	ई–निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय	07.06.2019 को 00:00 बजे से तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 21.06.2019 को 15:00 बजे तक।
5.	निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है	www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

पत्र संख्या : 128–डब्लू/260/निविदा सूचना/40/19–20/डब्लू–4 दिनांक : 29.05.2019 1665/2019

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **(1) अजित आलिश मोटा पुत्र बलवान सिंह पता गांव मंडोठी जिला–झज्जर, हरियाणा (2) कपिल मान आलिश काला पुत्र ब्रहम प्रकाश पता मकान नं. 603, गांव खेड़ा खुर्द दिल्ली (3) संदीप पुत्र उमराव सिंह पता गांव गोयला कलां, जिला–झज्जर (हरियाणा) ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 06/19 धारा 302/120बी/34 भा.द.स. 25/27 आर्म एक्ट के तहत** थाना के.एन.के. मार्ग दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **(1) अजित आलिश मोटा (2) कपिल मान आलिश काला (3) संदीप** नहीं मिल रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **(1) अजित आलिश मोटा (2) कपिल मान आलिश काला (3) संदीप** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 06/19 धारा 302/120बी/34 भा.द.स. 25/27 आर्म एक्ट के तहत थाना के. एन.के. मार्ग, दिल्ली के उक्त (1) अजित आलिश मोटा (2) कपिल मान आलिश काला (3) संदीप** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.07.2019** को हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री ऋचा शर्मा
मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (08)
कमरा नं. 306, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/2886/RD/19

हरियाणा सरकार

निविदा सूचना

क्र. सं.	विभाग का नाम	कार्य / सूचना / निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	विभाग की वेबसाइट	नोडल अधिकारी
1.	लोनिवि भ व प, नारायणगढ़	अम्बाला जिले में जगाधरी–बिलासपुर–सढौरा–नारायगढ़–रायपुर रानी रोड पर नारायगढ़ सिटी में सड़कों का सौन्दर्यकरण। (आईडी 777) (सीएम घोषणा कोड 23392) + 4 अन्य कार्य।	03.06.2019 18.06.2019	397.63 लाख	http://haryanaeprocurement.gov.in.	01734-284035 pws-eepd-naraingarh@hry.nic.in
2.	स्वास्थ्य विभाग, पलवल	सिविल हस्पताल, पलवल में समर्थन सेवाओं जैसे हाउस कीपिंग, सामान्य ड्यूटी सहायक, माली और धोबी और अतिरिक्त समर्थन सेवाएं जैसे सिविल कार्यों, इलैक्ट्रिकल कार्यों का रखरखाव, लिफ्ट परिचालन, कम्प्यूटर ऑपरेटर, अग्नि सुरक्षा अधिकारी इत्यादि तथा सुरक्षा सेवाओं का प्रावधान।	30.05.2019 12.06.2019	3 करोड़	http://dhspalwal.haryana eprocurement.gov.in	9871041765 cspalwal@gmail.com
3.	स्वास्थ्य विभाग, रोहतक	जिला रोहतक के सीएचसी/पीएचसी लेवल तक स्वास्थ्य संस्थानों हेतु समर्थन सेवाओं और अतिरिक्त समर्थन सेवाओं की आउटसोर्सिंग हेतु ई–निविदा सूचना।	बंद होने की तिथि 12.06.2019	16 लाख	www.etenders.hry.nic.in TENDER NO CSRTK/OSS/7R/2019, 2019_HRY_78386_1	9416161061 dhs.csrtk@hry.nic.in
4.	सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, घग्गर जल सेवाएं मंडल, सिरसा	अंडरग्राउंड पाइप लाइन के प्रावधान द्वारा सुखचैन डिस्टी. के आउटलेट आरडी 132975/एल के वाटरकोर्स की रिमॉडलिंग। + 5 अन्य कार्य।	बंद होने की तिथि 13.06.2019	216.29 लाख	http://etenders.hry.nic.in	xenghaggar@gmail.com 01666-235721
5.	सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, गुरुग्राम	एनसीआर चैनल, कैनाल कॉलोनी और कैनाल रेस्ट हाउस गुरुग्राम हेतु अनुबंध आधार पर अकुशल / कुशल कामगारों की नियुक्ति हेतु सेवाप्रदाता।	बंद होने की तिथि 20.06.2019	100 लाख	hid.gov.in	xen-gwsgrg.irr@gov.in
6.	सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, रेवाड़ी	पम्प हाउस डीडी–1 पर 2 अदद 10 सीएस पम्प (पी–3 बालावास डिस्टी.) और पी–1 रसोली डिस्टी. की मरम्मत + 16 अन्य कार्य।	बंद होने की तिथि 08.06.2019	ईएमडी 1.09 लाख	www.etenders.hry.nic.in	xenmech@yahoo.com
7.	सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, पानीपत	मुनक हैड से खुबरू हैड तक पीडी शाखा के आरडी 0 से 145250 आई/ई का पुनरोद्धार / रिमॉडलिंग।	बंद होने की तिथि 20.06.2019	14400 लाख	http://etenders.hry.nic.in	0180-2650036,9466159501 xen-panipat.irr@hry.gov.in
8.	सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, हिसार	पेटवाड़ डिस्टी. के आरडी 18600–एल पर पुट्ठी माइनर आरडी 0 से 20125 टेल ऑफटेकिंग के पुनरोद्धार हेतु आकलन।	बंद होने की तिथि 20.06.2019	18.25 करोड़	http://etenders.hry.nic.in	01662-235135 xenconst6hsr@gmail.com
9.	सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, चरखी दादरी	एमएस चैनल (आईएस एमसी–75) (सेल–जिन्दल–टाटा) (10 टन) + 2 अन्य कार्य।	बंद होने की तिथि 17.06.2019	28.94 लाख	www.hid.gov.in	080596-74277 xenworkshopdadri@gmail.com
10.	पंचायती राज, अम्बाला	गांव कुराड़ ब्लॉक नारायणगढ़ में सामुदायिक केन्द्र का निर्माण + 11 अन्य कार्य।	30.05.2019 07.06.2019	401.55 लाख	www.etenders.hry.nic.in	0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in
11.	शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नलहड़, नूह (हरियाणा)	सामान्य सर्जरी हेतु उपभोग्य मदों की खरीद हेतु निविदा + 4 अन्य कार्य।	30.05.2019 09.06.2019	5 लाख प्रत्येक	http://haryanaeprocurement.gov.in.	निदेशक, एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नलहड़, नूह
12.	शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नलहड़, नूह (हरियाणा)	सेंट्रल लाइब्रेरी हेतु जर्नल्स की खरीद हेतु निविदा।	31.05.2019 11.06.2019	ईएमडी 2 लाख	http://haryanaeprocurement.gov.in.	निदेशक, एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नलहड़, नूह
13.	राज्य परिवहन, हरियाणा	150 अदद पूर्ण निर्मित डीजल इंजन मिनी बसों (30+डी सीट्स एकल द्वार सेवा सहित) जो बीएस–IV एमिशंस नॉमर्स पूरा करती हों, की खरीद हेतु ई–निविदा आमंत्रित हैं।	03.06.2019 25.06.2019	2 लाख	http://etenders.hry.nic.in TENDER NO 01/2019-20/ SPA-1/TECH	jstchry@gmail.com 0172-2713196

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच–11/1920/17576000/76531 दि. 29.05.19

आईएसजीईसी हैवी इंजीनियरिंग लिमिटेड

CIN: L23423HR1933PLC000097

पंजी. कार्यालय : रादौर रोड, यमुनानगर – 135001 (हरियाणा)

Tel: +91-120-4085405, Fax: +91-0120-2412250 Email: cfo@isgec.com, Website: www.isgec.com

31.03.2019 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु स्टैंडअलोन एवं समेकित अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सार

(अर्जन प्रति शेयर को छोड़कर रु. लाख में)

क्र. सं.	विवरण	स्टैंडअलोन				समेकित	
		समाप्त तिमाही		समाप्त वर्ष		समाप्त वर्ष	
		31.03.2019	31.03.2018	31.03.2019	31.03.2018	31.03.2019	31.03.2018
		(अंकेक्षित)	(अंकेक्षित)	(अंकेक्षित)	(अंकेक्षित)	(अंकेक्षित)	(अंकेक्षित)
1.	प्रचालनों से कुल आय	**136,343**	82,834	**416,582**	268,771	**511,942**	388,314
2.	अवधि (कर, असाधारण और/अथवा असाधारण मदों से पूर्व) हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)	**5,348**	3,628	**20,308**	16,793	**22,694**	25,106
3.	कर से पूर्व अवधि (असाधारण और/अथवा असाधारण मदों के बाद) हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)	**5,348**	3,628	**20,308**	16,793	**22,694**	25,106
4.	कर के बाद अवधि (असाधारण और/अथवा असाधारण मदों के बाद) हेतु शुद्ध लाभ/(हानि)	**3,126**	2,662	**12,832**	11,898	**14,402**	16,841
5.	अवधि [अवधि हेतु निहित लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] हेतु कुल व्यापक आय	**3,114**	2,803	**12,850**	12,013	**13,980**	16,749
6.	इक्विटी शेयर कैपिटल	**735**	735	**735**	735	**735**	735
7.	रिजर्व्स (पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर)			**133,982**	121,549	**150,785**	137,378
8.	अर्जन प्रति शेयर (रु. 1/- प्रत्येक के)						
	(ए) बेसिक (रु. में)	**4.25**	3.62	**17.45**	16.18	**19.42**	21.39
	(बी) डायल्युटेड (रु. में)	**4.25**	3.62	**17.45**	16.18	**19.42**	21.39

टिप्पणी :-

1. कम्पनी के उपरोक्त स्टैंडअलोन एवं समेकित परिणामों की समीक्षा ऑडिट कमेटी द्वारा कर ली गई है और निदेशक मंडल द्वारा उनकी 29 मई 2019 को आयोजित सम्बन्धित बैठक में अनुमोदित किये गये हैं।
2. कम्पनी के वित्तीय परिणाम कम्पनी (भारतीय लेखा मानदंड) नियमों, 2015 और इसके पश्चात् संशोधित अनुसार, के तहत अधिसूचित भारतीय लेखा मानदंड (Ind AS) के अनुरूप तैयार किये गये हैं।
3. शेयरधारकों द्वारा 16 मार्च 2019 को डाक मतदान द्वारा पारित एक सामान्य प्रस्ताव द्वारा वर्तमान वर्ष के दौरान रु. 10/- के प्रत्येक इक्विटी शेयर को रु. 1/- के 10 इक्विटी शेयर में उपविभाजित किया गया था।
4. Ind AS की अपेक्षा के अनुरूप 31 मार्च 2019 तक परिचालनों से राजस्व वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) का शुद्ध है। तथापि, 30 जून 2017 तक अवधि हेतु परिचालनों से राजस्व उत्पाद कर समेत है। तदानुसार 31 मार्च 2019 को समाप्त वर्ष हेतु और 31 मार्च 2018 को समाप्त वर्ष हेतु वर्तमान अवधि के राजस्व के साथ तुलनायोग्य नहीं है।
5. कम्पनी ने 31 मार्च 2018 को समाप्त वर्ष हेतु प्रकाशित अंकेक्षित परिणामों में निम्नानुसार घोषणा की है :-
   "ए) कम्पनी फिलीपिंस में डिजाइन, इंजीनियर, प्रोक्योर, निर्माण, प्रचालन और बायो-रिफाइनरी प्रोजैक्ट डिलीवर करने के अनुबंधों का निष्पादन कर रही है। अनुबंधात्मक डिलीवरी तिथि के अंदर प्रोजैक्ट की पूर्णता में विलम्ब और गुप्त शर्तें जो लागत को बढ़ा देती है की घोषणा थी। कम्पनी ने ग्राहक को अधिसूचित किया कि ये जोखिम अनुबंध के तहत उनके अकाउंट के थे। ग्राहक ने प्रोजैक्ट को चालू करने के लिये निर्देश जारी किये और उप-ठेकेदारों को सीधे ही अतिरिक्त कीमत का भुगतान करना शुरू कर दिया। प्रोजैक्ट मूलतः पूर्ण हैं। ग्राहक ने 30 जनवरी 2018 को लगभग रु. 134 करोड़ की राशि बैंक गारंटियों के रूप में आह्वान किया, अनुबंध को गलत रूप से समाप्त कर दिया और नुकसान का दावा भी कर दिया।
   बी) कम्पनी, ग्राहक के साथ अनुबंध के अनुरूप, सिंगापुर अन्तर्राष्ट्रीय मध्यस्थता केन्द्र (एसआईएसी) के तहत विवाद को मध्यस्थता हेतु दायर कर चुकी है।
   सी) कानूनी सलाह यह है कि कम्पनी ग्राहक के विरूद्ध इसके दावों को साबित करने में सफलता का अच्छा भाव रखती है और तदनुसार लेखा पुस्तकों में कोई प्रावधान नहीं किया गया है।" एसआईएसी ने मध्यस्थता प्राधिकरण की स्थापना कर दी है और मध्यस्थता को पूर्ण करने हेतु 6-7 माह लगने की संभावना है। इस तिथि तक कोई अन्य परिवर्तन नहीं है।
6. इसके अतिरिक्त रु. 10/- प्रत्येक के इक्विटी शेयर पर 5/- रुपये का लाभांश (पहले ही वितरित), कम्पनी के शेयर होल्डर की वार्षिक सामान्य बैठक के अधीन 31 मार्च 2019 को समाप्त वर्ष हेतु कम्पनी के लाभ में से निदेशक मंडल रु. 1/- प्रति के इक्विटी शेयर पर रु. 1.50 का अन्तिम लाभांश की अनुशंसा करता है।
7. सेबी परिपत्र CIR/CFD/CMD/56//2016 दिनांक 27 मई 2016 की शर्तानुसार कम्पनी एतद् द्वारा घोषणा करती है कि अंकेक्षकों ने स्टैंडअलोन एवं समेकित दोनों हेतु 31 मार्च 2019 को समाप्त वर्ष के लिये अपरिवर्तित विकल्प के साथ वित्तीय परिणामों की ऑडिट रिपोर्ट जारी कर दी है।
8. सेबी (लिस्टिंग ओब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज के साथ दायर किये गये तैमाहिक / वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार ऊपर दिया गया है। तैमाहिक / वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट www.bseindia.com और कम्पनी की वेबसाइट www.isgec.com पर उपलब्ध हैं।

कृते आईएसजीईसी हैवी इंजीनियरिंग लिमिटेड
(आदित्य पुरी)
प्रबंध निदेशक

दिनांक: 29 मई 2019
स्थान : नोएडा